# KARNATAKA ICSE SCHOOLS ASSOCIATION

## ICSE STD. X Preparatory Examination 2024

**Subject: Hindi (Second Language)**

**Maximum Marks: 80 Time Allowed: Three Hours Date: 23-01-2024**

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

You will not be allowed to write during the first **15** minutes.

This time is to be spent in reading the question paper.

**The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.**

---

This paper comprises of two sections- **Section A & Section B**

Attempt all the questions from **Section A.**

Attempt **four** questions from Section **B,** answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and any two other questions from the same books you have compulsorily chosen .

**The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ]**

**Section A (40 Marks)**

Attempt **all** questions

**Question 1.**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics: -

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग **250 शब्दों में** संक्षिप्त लेख लिखिए- [15]

(i) काश ! वे दिन लौट आते । अपने बचपन की उन आनंदमय बातों का वर्णन कीजिए , जिन्हें याद कर आप आज भी आनंदित होते हैं ।

(ii) ऊँचे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए माता-पिता तथा अध्यापकों द्वारा बच्चों पर डाला जाने वाला दबाव अनुचित है । इस कथन के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार लिखिए ।

(iii) आज नारी घर की चारदीवारी से निकल नौकरी के लिए जाती है। इस दोहरे दायित्व (double responsibility ) को निभाने में नारी को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है । उन समस्याओं का उल्लेख करते हुए अपने विचार लिखिए ।

(iv) एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्न कहावत हो -
जहाँ चाह वहाँ राह

(v) दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से हो ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below:
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए । [7]

(i) आपने अपने विद्यालय में एक नाटक में भाग लिया । नाटक दर्शकों को बहुत पसंद आया । अपने किसी मित्र को पत्र लिखकर नाटक की कथावस्तु (plot ) , नाटक में आपकी भूमिका और मंच (Stage)पर अभिनय का अनुभव आदि के बारे में विस्तार से बताएँ ।

(ii) आपके क्षेत्र में एक ही सरकारी अस्पताल है जिसके कारण आम जनता को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । उन परेशानियों का उल्लेख करते हुए एक और सुविधायुक्त सरकारी अस्पताल खुलवाने का अनुरोध करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी को पत्र लिखिए ।

**Question 3.**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible.

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए । उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होना चाहिए ।

एक बार मैं बस में यात्रा कर रहा था।मेरे साथ मेरी पत्नी और तीन बच्चे भी थे। बस में कुछ खराबी थी, और बस रुक-रुक कर चलती थी । मंजिल से कोई एक मील पहले ही एक निर्जन सुनसान स्थान में बस खराब हो गई । रात के कोई दस बजे होंगे । बस में यात्री घबरा गए । कंडक्टर बस के ऊपर गया और वहाँ से एक साइकिल लेकर चलता बना । लोगों को संदेह हो गया कि हमें धोखा दिया जा रहा है।

बस में बैठे लोगों ने तरह-तरह की बातें शुरू कर दीं ।किसी ने कहा -"यहाँ डकैती(robbery) होती है , दो दिन पहले इसी तरह एक बस को लूट लिया गया था ।" परिवार सहित अकेला मैं ही था ।बच्चे

पानी-पानी चिल्ला रहे थे । पानी का कहीं ठिकाना न था। ऊपर से यात्रियों के मन में डर समा गया था ।

कुछ नौजवानों ने ड्राइवर को पकड़ कर पीटने का हिसाब बनाया । ड्राइवर घबरा गया । लोगों ने उसे पकड़ लिया । वह भयभीत होकर मेरी तरफ देखने लगा और बोला - "हम लोग दूसरी बस का कोई उपाय कर रहे हैं ,बचाइए ,ये लोग मारेंगे ।" डर तो मेरे मन में भी था । पर उसे डरा देखकर मैंने यात्रियों को समझाया कि मारना ठीक नहीं है । परंतु यात्री इतना घबरा गए थे कि वे मेरी बात सुनने को तैयार नहीं हुए और कहने लगे , इसकी बातों में मत आइए , धोखा दे रहा है । कंडक्टर को पहले ही डाकुओं के यहाँ भेज दिया है ।

मैं भी बहुत भयभीत था , पर ड्राइवर को किसी तरह मार-पीट से बचाया । डेढ़-दो घंटे बीत गए । मेरे बच्चे भोजन और पानी के लिए व्याकुल थे । मेरी और मेरी पत्नी की हालत भी बुरी थी ।लोगों ने ड्राइवर को मारा तो नहीं , पर उसे बस से उतार कर एक जगह घेर कर रखा । कोई भी दुर्घटना होती है तो पहले ड्राइवर को समाप्त करना उन्हें उचित जान पड़ा । इसी समय क्या देखता हूँ कि एक खाली बस चली आ रही है उसमें हमारा बस कंडक्टर भी बैठा हुआ है । उसने आते ही कहा- "नई बस लाया हूँ , इस बस में बैठिए । वह बस चलने लायक नहीं है ।" फिर मेरे पास एक लोटे में पानी और थोड़ा दूध लेकर आया और बोला," पंडित जी! बच्चों का रोना मुझसे देखा नहीं गया , वहीं दूध मिल गया , थोड़ा लेता आया ।" यात्रियों में फिर जान आई । सबने उसे धन्यवाद दिया और माफी माँगी ।

कैसे कहूँ कि मनुष्यता एकदम समाप्त हो गई है । कैसे कहूँ कि लोगों में दया-माया रह ही नहीं गई । जीवन में न जाने कितनी ऐसी घटनाएँ हुई हैं , जिन्हें मैं भूल नहीं सकता ।

ठगा भी गया हूँ , धोखा भी खाया है ,परंतु बहुत कम स्थलों पर विश्वासघात नाम की चीज मिलती है । केवल उन्हीं बातों का हिसाब रखो , जिनमें धोखा खाया है , तो जीवन कष्टकर हो जाएगा , परंतु ऐसी घटनाएँ भी बहुत कम नहीं है जब लोगों ने अकारण सहायता की है , निराश मन को ढाढ़स दिया है और हिम्मत बँधाई है ।

मेरे मन ! निराश होने की ज़रूरत नहीं है ।

(i) बस में यात्रियों की घबराहट का क्या कारण था ? [2]

(ii) बस खराब होने पर कंडक्टर ने क्या किया ? [2]

(iii) कुछ यात्री ड्राइवर के बारे में क्या सोच रहे थे ? [2]

(iv) लोगों ने ड्राइवर के साथ कैसा व्यवहार किया ? [2]

(v) प्रस्तुत गद्यांश का संदेश अपने शब्दों में लिखिए ? [2]

**Question 4.**

Answer the following according to the instructions given:

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

(i) जागना की भाववाचक संज्ञा क्या है ? [1]

(अ) जाप (आ) जागरण (इ) चाल (ई) जीवन

(ii) दानी का विलोम शब्द कौन सा है ? [1]

(अ) कृपण (आ) महान (इ) मीठा (ई) कृतघ्न

(iii) सूर्य के पर्यायवाची शब्दों वाला विकल्प कौन सा है ? [1]

(अ) बारिश , मेह (आ) हेम , कनक (इ) काया, कलेवर (ई) दिनकर,रवि

(iv) प्रतिभा का विशेषण कौन सा है ? [1]

(अ) प्रतिभाशाली (आ) भिन्न (इ) पथरीला (ई) परिश्रमी

(v) अध्यापक के कक्षा में न आने पर बच्चों ने बहुत शोर मचाया ।

इस वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए उचित मुहावरा कौन सा होगा ? [1]

(अ) आँखों से गिरना (आ) कमर टूटना (इ) आसमान सिर पर उठाना (ई) घास काटना

(vi) विद्यार्थी निबंध लिखते हैं ।

(अपूर्ण भूतकाल वाला विकल्प कौन सा होगा ? ) [1]

(अ) विद्यार्थियों ने निबंध लिखा । (आ) विद्यार्थी निबंध लिख रहे थे ।

(इ) विद्यार्थी ने निबंध लिखा है। (ई) विद्यार्थी निबंध लिख रहे हैं ।

(vii) मंत्री जी ने पुरस्कार बाँटे ।

( कर्म वाच्य वाला विकल्प कौन सा होगा ? ) [1]

(अ) पुरस्कार मंत्री जी के द्वारा बाँटे गए । (आ) पुरस्कार मंत्री जी के द्वारा बाँटे जा रहे हैं ।

( इ) पुरस्कार मंत्री जी के द्वारा बाँटे जाएँगे । (ई) पुरस्कार मंत्री जी के द्वारा बाँटे जा चुके होंगे ।

(viii) मैंने एक उद्यान देखा जो सुंदर था ।

( सरल वाक्य वाला विकल्प कौन सा होगा ?) [1]

(अ) जो उद्यान सुंदर था मैंने देखा । (आ) एक उद्यान सुंदर था और मैंने उसे देखा ।

(इ) मैंने एक सुंदर उद्यान देखा । (ई) चूँकि वह उद्यान सुंदर था इसलिए मैंने उसे देखा।

**Section B (40 Marks)**

**Questions from only two of the following textbooks are to be answered.**

Attempt **four** questions from this section.

You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **two** other questions from the same books you have chosen.

**साहित्य सागर -संक्षिप्त कहानियाँ**

**(Sahitya Sagar- Short Stories)**

**Question 5.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow:

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:

“कब से अस्वस्थ हैं डॉक्टर को दिखाकर इलाज नहीं करा रही हैं क्या ?”

[ भीड़ में खोया आदमी - लीलाधर शर्मा पर्वतीय]

[Bheed Me Khoya Aadmi- Leeladhar Sharma parvatiya]

(i) उपर्युक्त अवतरण का संदर्भ स्पष्ट कीजिए । [2]

(ii) श्रोता ने स्वास्थ्य के संदर्भ में क्या परेशानी बताई ? [2]

(iii) व्यक्ति बीमार किन कारणों से होता है कारणों की चर्चा करते हुए बताइए कि इसके लिए कौन ज़िम्मेदार है ? [3]

(iv) भीड़ में खोया आदमी - इस निबंध का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । [3]

**Question 6.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

पर सच कहती हूँ मुझे तो सारी कला इतनी निरर्थक लगती है , इतनी बेमतलब लगती है कि बता नहीं सकती ।

[ दो कलाकार - मन्नू भंडारी ]

[ Do Kalakar- Mannu Bhandari]

(i) किसे ,किसकी कला निरर्थक लगती है और क्यों ? [2]

(ii) वक्ता ने उसकी कला पर व्यंग्य करते हुए क्या कहा और उसे क्या सलाह दी ? [2]

(iii) कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv) वक्ता और श्रोता के जीवन-उद्देश्यों में अंतर होते हुए भी दोनों बहुत अच्छी मित्र थीं - कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए । [3]

**Question 7.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

वह एक सीधा-साधा देहाती गृहस्थ का मकान था, किंतु आनंदी ने थोड़े दिनों में ही अपने आप को इस नई परिस्थिति के ऐसा अनुकूल बना लिया, मानो विलास के सामान कभी देखे ही न थे ।

[बड़े घर की बेटी- प्रेमचंद ]

[ Bade ghar Ki Beti- Premchand ]

(i) सीधा-साधा देहाती गृहस्थ - से किसकी ओर संकेत किया गया है ? उसका परिचय दीजिए । [2]

(ii) आनंदी कौन है ? उसकी पुरानी और नई परिस्थितियों का अंतर स्पष्ट कीजिए । [2]

(iii) आनंदी के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए । [3]

(iv) संयुक्त परिवार के महत्व पर अपने विचार लिखिए । [3]

## साहित्य सागर -पद्य भाग

## (Sahitya Sagar- Poems)

**Question 8.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए

चाट रहे जूठी पत्तल वे, कभी सड़क पर खड़े हुए ,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए ।
ठहरो, अहो । मेरे में है अमृत , मैं सींच दूँगा ।
अभिमन्यु - जैसे हो सकोगे तुम ,
तुम्हारे दुख मैं अपने हृदय में खींच लूँगा ।

[ भिक्षुक-सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला']

[Suryakant Tripathi 'Nirala]

(i) भिक्षुक और उसके बच्चे क्या करने के लिए विवश हैं और क्यों ? [2]

(ii)'और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए' - पंक्ति द्वारा कवि क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? [2]

(iii)भिक्षुक कविता में कवि ने समाज को किस बात के लिए फटकारा है ? [3]

(iv) उपर्युक्त पंक्तियों में कवि ने अभिमन्यु शब्द का प्रयोग किस लिए किया है ? [3]

**Question 9.** Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए

मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
आगे -आगे नाचती-गाती बयार चली ,
दरवाज़े-खिड़कियाँ खुलने लगीं गली-गली,
पाहुन ज्यों आए हो , गाँव में शहर के ।
मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।

[ मेघ आए-सर्वेश्वर दयाल सक्सेना]

[ Megh Aaye- Sarveshwar Dayal saxena]

(i) कवि ने मेघों के आगमन की तुलना किससे की है ? उनका स्वागत किस प्रकार होता है ? [2]

(ii) मेघों के आगमन पर बयार की क्या प्रतिक्रिया हुई तथा क्यों ? [2]

(iii) मेघों के लिए बन-ठन के,सँवर के शब्दों का प्रयोग क्यों किया गया है ? [3]

(iv) पाहुन ज्यों आए हो , गाँव में शहर के - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । [3]

**Question 10.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए

पानी बाढ़े नाव में ,घर में बाढ़े दाम ।
दोऊ हाथ उलीचिए , यही सयानो काम ।।
यही सयानो काम, राम को सुमिरन कीजै ।।
पर स्वारथ के काज,शीश आगे धर दीजै ।।
कह गिरिधर कविराय , बड़ेन की याही बानी ।
चलिए चाल सुचाल, राखिए अपना पानी ।।

[कुंडलियां -गिरिधर कविराय]

[Kundaliya- Giridhar Kaviray]

(i) कवि ने दोनों हाथों से कब क्या उलीचने के लिए कहा है और क्यों ? [2]

(ii) सयानो का अर्थ लिखते हुए बताइए कि सयानों का क्या काम है ? [2]

(iii) उपर्युक्त कुंडलिया में बड़ों की किस वाणी की चर्चा की गई है और क्यों ? [3]

(iv) प्रस्तुत पद्यांश का केंद्रीय भाव लिखिए । [3]

## [नया रास्ता - सुषमा अग्रवाल]
## [Naya Rasta- Sushma Agarwal]

**Question 11.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

अमित व मायाराम जी जब अपने घर पहुँचे तो उन्होंने देखा कि कोई सज्जन उनका इंतज़ार कर रहे ।

(i) अमित और मायाराम जी कहाँ गए थे ? उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए । [2]

(ii) 'कोई सज्जन' किसे कहा गया है ? वे किसका इंतज़ार कर रहे थे और क्यों ? [2]

(iii) धनीमल और मायाराम के बीच क्या-क्या बातें हुईं ? [3]

(iv) धनीमल जी का चरित्र-चित्रण कीजिए । [3]

**Question 12.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

यह बात सुनकर सामने बैठी मीनू का चेहरा मुरझा गया । मीनू के मुरझाये चेहरे को देखकर माँ उसकी मनस्थिति समझ गयीं और बुआजी से बोलीं , आजकल कौन मानता है इन सब बातों को । मीनू ही करेगी सारी रस्में ।

(i) चेहरा मुरझा गया - से क्या तात्पर्य है ? किसका चेहरा मुरझा गया था और क्यों ? [2]

(ii) माँ ने किस प्रकार बात को सँभाल लिया ? [2]

(iii) इस उपन्यास में माँ का चित्रण एक समझदार और प्रगतिशील स्त्री के रूप में हुआ है । दिए गए अवतरण के आधार पर वाक्य स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv) वर्तमान में किसी भी लड़की के लिए शिक्षा प्राप्त करना प्राथमिकता होनी चाहिए न कि विवाह । इस कथन के प्रति अपने विचार लिखिए । [3]

**Question 13.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

मीनू को साधारण रूप से देखने वाला व्यक्ति विश्वास ही नहीं कर सकता था कि वह इतनी साहसी होगी ।

(i) उपर्युक्त अवतरण का संदर्भ स्पष्ट कीजिए । [2]

(ii) साधारण रूप रंग की होने पर भी मीनू के कौन-से गुण उसे विशेष बना देते हैं ? [2]

(iii) वकालत शुरू करने के बाद मीनू के व्यक्तित्व में क्या परिवर्तन आया ? [3]

(iv) नया रास्ता उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । [3]

## एकांकी संचय
## Ekanki Sanchay

**Question 14.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

"निर्मम ही नहीं कायर भी । जिन संस्कारों में तुम पली हो , उन्हें तोड़ने की शक्ति तुम में नहीं है , माँ !"

[संस्कार और भावना - विष्णु प्रभाकर]

[Sanskar Aur Bhavna- Vishnu Prabhakar]

(i) प्रस्तुत अवतरण के वक्ता का नाम लिखते हुए उसका परिचय दीजिए । [2]

(ii) अविनाश ने माँ-बाप के कर्तव्य के संबंध में क्या कहा था ? [2]

(iii) वक्ता ने अपने बड़े भाई की बीमारी का समाचार माँ को क्यों नहीं सुनाया था ? [3]

(iv) संस्कारों की दासता सबसे भयंकर शत्रु है । एकांकी में अविनाश के इस वाक्य / विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं ? [3]

**Question 15**

**Read** the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

"अच्छा , अभी तो मैं नकली दुर्ग बनाकर उसका विध्वंस करके अपने व्रत का पालन करूँगा , किन्तु हाड़ाओं को उनकी उद्दंडता का दण्ड दिए बिना मेरे मन को संतोष न होगा . . . ।"

[मातृभूमि का मान - हरिकृष्ण प्रेमी]

[Mathrubhumi Ka Maan-Harikrishna Premi]

(i) नकली दुर्ग कहाँ व क्यों बनवाया गया ? [2]

(ii) हाड़ा कौन हैं व उनकी उद्दण्डता क्या थी ? [2]

(iii) वक्ता का नाम लिखते हुए वक्ता का चरित्र-चित्रण कीजिए । [3]

(iv) वक्ता द्वारा ली गई प्रतिज्ञा के संदर्भ में चारणी ने वक्ता से क्या कहा ? [3]

**Question 16.**

Read the extract given below and answer in Hindi questions that follow :

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :

एक निहत्थे , थके हुए व्यक्ति को घेरकर वीरता का उपदेश देना सहज है युधिष्ठिर ! मुझे खेद है मैं उसके लिए तुम्हारी प्रशंसा नहीं कर सकता । पर मैं सच कहता हूँ तुमसे , इस नर हत्याकांड से मुझे विरक्ति हो गई है ।

[महाभारत की एक साँझ-भारत भूषण अग्रवाल]

[Mahabhart Ki Ek Sanjh- Bharat Bhushan agarwal]

(i) वक्ता कौन है ? वह इस समय निहत्था क्यों है ? [2]

(ii) जो अपने भाइयों को जीवित जलवा देने में भी नहीं हिचकता , इस वाक्य में किस घटना का उल्लेख का किया गया है ? [2]

(iii) युधिष्ठिर का परिचय देते हुए उसके चरित्र की विशेषताएँ लिखिए । [3]

(iv) महाभारत की एक साँझ- एकांकी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए । [3]